न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी—आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ (आई.ए.एस.)

करण संख्या 272/2020 | दायर दिनांक 10.11.2020 | निर्णय दिनांक 22.05.2024

उनवान

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार भीलवाड़ा — प्रार्थी

बनाम

रामलाल, नारायणलाल पिता मगना, बंशीलाल, पन्नालाल पिता हीरा गाडरी सा0 गाडरीखेड़ा भीलवाडा
बंशीधर पिता किशनलाल ब्राहम्ण सा0 भीलवाड़ा
भू–प्रबंध अधिकारी, भीलवाड़ा — विपक्षीगण

—: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लेण्ड रेवेन्यु एक्ट बाबत् रेकार्ड में हुई त्रुटि को दुरस्थ कराये जाने :—

—: निर्णय :—

दिनांक 22/05/2024

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि ग्राम पांसल पटवार हल्का पांसल भू–अभिलेख नरीक्षक क्षैत्र पांसल तहसील व जिला भीलवाडा में स्थित आराजी नम्बर 1479/3136 रकबा बीघा 14 बिस्वा भूमि जमाबन्दी सम्वतृ 2069–2072 में रामलाल, नारायणलाल, पिता मगना ंशीलाल, पन्नालाल पिता हीरा गाडरी सा0 गाडरीखेड़ा भीलवाड़ा खातेदार के नाम दर्ज रेकार्ड है। उक्त आराजी नम्बर जमाबन्दी में तो है परन्तु नक्शा लटठा में नहीं है, नक्शा लट्ठा में केवल आराजी नम्बर 3136 है बट्टा नम्बर नहीं है। आराजी नम्बर 3136 रकबा 05 बिस्वा भूमि ंशीधर पिता किशनलाल ब्राहम्ण सा0 भीलवाड़ा खातेदार के नाम दर्ज रेकार्ड है। जमाबन्दी अनुसार आराजी नम्बर 3136 का रकबा 05 बिस्वा है परन्तु वर्तमान नक्शा लट्ठाशीट अनुसार आराजी नम्बर 3136 का रकबा 01 बीघा 14 बिस्वा बनता है जबकि जमाबन्दी में आराजी नम्बर 1479/3136 का रकबा 01 बीघा 14 बिस्वा है। जमाबन्दी के अनुसार नक्शे में दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार भीलवाड़ा से रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें अंकित किया है कि आराजी नम्बर 3136 का बट्टा नम्बर सेटेलमेंट के समय से ही नक्शे में नहीं है। मूल आराजी नम्बर 3136 रकबा 05 बिस्वा है परन्तु नक्शे में स्थित आकार का रकबा आराजी के रकबे से अधिक होने से व बट्टा नम्बर 1479/3136 रकबा 01 बीघा 14 बिस्वा की तरमीम नक्शा लट्ठा व मूल शीट में नहीं होने से मूल आराजी 3136 में से पूर्वी दिशा में बट्टा नम्बर में 4579/3136 रकबा 1.14 बीघा की तरमीम रकबा अनुपात में किए जाकर प्रकरण का निस्तारण किया जा सकता है। शेष रकबा मूल आराजी नम्बर 3136 रकबा 05 बिस्वा रहेगा। उक्त प्रस्ताव बाबत बट्टा नम्बर के खातेदारों रामलाल, नारायणलाल पिता मगना, बंशीलाल, पन्नालाल पिता हीरा गाडरी सा0 गाडरीखेड़ा भीलवाड़ा ने शपथ पत्र व नक्शा ट्रेस पर अपनी सहमति भी प्रदान कर दी है। विपक्षीगण का शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया। अतएव

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

आदेश

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र पर जांच प्रतिवेदन कमांक/भू. अ. /2023/718 दिनांक 29.03.2023 अनुसार स्वीकार किया जाकर ग्राम पांसल के आराजी नम्बर 3136 में से पूर्वी दिशा में बट्टा नम्बर में 4579/3136 रकबा 1.14 बिघा की राजस्व नक्शे में तरमीम करने के आदेश दिए जाते है एवं शेष रकबा मूल आराजी नम्बर 3136 का रकबा 05 बिस्वा रहेगा। आदेश का जांच प्रतिवेदन कमांक/भू. अ. /2023/718 दिनांक 29.03.2023 एवं शपथ पत्र विपक्षीगण संख्या 01 से 02 आदेश का पार्ट रहेगा। निर्णय की एक प्रति पालनार्थ तहसीलदार भीलवाड़ा को प्रेषित की जाए।

Ahad

(आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा